# भारत का ग्लोबल स्टैंडर्ड शहर है इंदौर : पंकजा मुंडे

## महाराष्ट्र के शहरों में भी इंदौर मॉडल लागू हो

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** इंदौर ने 2015 में स्वच्छता की शुरुआत की थी, तब से लेकर अब तक शहर ने रोज़ाना लगातार काम कर दिखाया है. यह प्रयास प्रेरणादायक है। निगम के ग्रीन बॉन्ड प्रोजेक्ट भी राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक समन्वय का उदाहरण है. इंदौर ग्लोबल स्टैंडर्ड शहर है. इसे महाराष्ट्र के शहरों को भी अपने यहां लागू करना चाहिए.

यह बात महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने इंदौर प्रवास के दौरान कही. वे इंदौर की स्वच्छता, पर्यावरणीय नवाचारों और सतत विकास के मॉडल का अवलोकन लगने आई थी. इस दौरान उन्होंने कहा कि इंदौर में सतत विकास के लिए जो कार्यप्रणाली अपनाई जा रही है, वह ग्लोबली एक्सेप्टेबल है । महाराष्ट्र भी इससे बहुत कुछ सीख सकता है. इंदौर को भारत का 'ग्लोबल स्टैंडर्ड' शहर बताते हुए मुंडे ने कहा कि वह चाहेंगी कि महाराष्ट्र के शहर भी इसी मॉडल पर आगे बढ़ें. पंकजा मुंडे ने बताया कि महाराष्ट्र में जल्द ही नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं. मैं चाहती हूं कि वहां चुने गए जनप्रतिनिधियों को इंदौर का अध्ययन करने के लिए भेजा जाए, ताकि वे भी ऐसी योजनाएं अपने शहरों में लागू कर सकें. उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में नदी पुनर्जीवन प्राधिकरण की स्थापना करने का निर्णय लिया है. जल्द ही इसका प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा.



### कचरा प्रबंधन स्थलों का निरीक्षण

मुंडे ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ट्रेचिंग ग्राउंड, सीएनजी और सीएनडी प्लांट सहित गीले-सूखे कचरे के प्रबंधन स्थलों का निरीक्षण किया. महापौर द्वारा प्रेजेंटेशन भी दिया गया. इस अवसर पर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे.

# सीआईएसएफ कार्यालय पर रक्षाबंधन कार्यक्रम

**इंदौर.** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एरोड्रम स्थित सीआईएसएफ कार्यालय पर स्टाफ के लिए रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में धार्मिक प्रभाग के जोनल कोऑर्डिनेटर नारायण भाई ने बताया कि रक्षाबंधन पवित्रता का त्यौहार है पवित्रता का प्रतीक यह रक्षा सूत्र कलाई में बांधा जाता है जो हमें 21 जन्म के लिए सदा सुखी शांत व स्वस्थ बनाता है. ब्रह्माकुमारी है कि इस नाते को हम सदा पवित्र रखेंगे. इस अवसर पर सीआईएसएफ की कमांडेंट पुण्य चंद दलाई ने आभार प्रकट करते हुए बताया की ब्रह्माकुमारी संस्था मानव को श्रेष्ठ बनने के लिए पुण्य का कार्य कर रही है. बुराइयों, व्यसनो से जीवन को मुक्त बनाकर मानव कल्याण का कार्य कर रही है. इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट जीशान अमीर स्टेज पर उपस्थित थे. अंत में ब्रह्माकुमारी संगीता बहन ने सभी को



संगीता बहन ने रक्षाबंधन का महत्व बताया कि भाई बहन का यह त्यौहार हमें अध्यात्मिक संदेश देता नशे से बुराइयों से मुक्त होने के लिए प्रतिज्ञा कराई. इसके पश्चात सभी जवानों को रक्षा सूत्र बांधा गया.

## एक नजर में

### नशा मुक्त भारत, स्वस्थ जीवनशैली का संदेश



इंदौर. स्वस्थ जीवनशैली और नशा मुक्त भारत का संदेश देते हुए 100 से अधिक बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने रालामंडल की पहाड़ी पर चढ़ाई की, जिसमें 5 वर्ष के बच्चों से लेकर 70 वर्ष की उम्र से अधिक जोशीले प्रतिभागियों ने एक साथ ट्रेकिंग करते हुए एकता, स्वास्थ्य और देशभक्ति का अद्भुत संगम रचा. इस अनूठे आयोजन का नेतृत्व कर रहे, इंटरनेशनल जज डब्ल्यूबीपीएफ रोहित जेठवा ने बताया कि यह आयोजन हर उम्र के लोगों को दैनिक व्यायाम के जरिए अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया. जगदीश लता जेठवा ने कहा कि हर उम्र हर वर्ग के लोगों के साथ इस प्रेरणादायक सफर ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वतंत्रता सबसे अच्छी तब लगती है जब उसे मिल-बाँट कर जिया जाए. इस फिटनेस इवेंट के दौरान प्राकृतिक ट्रैकिंग के अलावा अन्य गतिविधियाँ भी की गई जिसमें ऊर्जावान डांस के साथ भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई.

### तुलसी जंयती पर मानस चर्चा कार्यक्रम



इंदौर. अग्रसेन धाम फूटी कोठी पर तुलसी जयंती के अवसर पर मानस चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में मानस आध्येताओं ने उपस्थित होकर सहभागिता की. कार्यक्रम में वैदिक विद्वान गणेश पौराणिक एवं साहित्यिक क्षेत्र से डॉ योगेंद्र शुक्ला, हरिराम बाजपेई, डॉक्टर मालानी एवं डॉक्टर ब्रजमोहन शर्मा का सान्निध्य प्राप्त हुआ. कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर राजाराम गुप्ता ने आभार माना. संचालन समसामयिक चौपाई एवं दोहों के साथ मुरली दास महंत ने किया.

### वीर गोगादेव प्रकटोत्सव समिति का गठन




इन्दौर. शहर वाल्मिकी पंचायत अध्यक्ष राहुल राठौर, अखिल भारतीय वाल्मिकी समाज विकास परिषद म.प्र. के राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वाल्मिकी समाज के आराध्य वीर गोगा देव जी का प्रकटोत्सव अहिंसावादी वाल्मिकी समाज द्वारा 17 अगस्त को इन्दौर शहर वाल्मिकी पंचायत एवं अखिल भारतीय वाल्मिकी समाज विकास परिषद म.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया जायेगा. इसके लिए प्रकटोत्सव समिति का गठन किया गया है. इसमें संयोजक नवीन चिराउँन्डे (खलीफा), अध्यक्ष वीरेन्द्रसिंह लोट, उपाध्यक्ष दीपक झांझोट, सचिव माला प्यॉल, सहसचिव राहुल पथरोड़, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र आदिवाल, संगठन मंत्री मयूर झांझरिया, अजय हाड़े और प्रचार मंत्री अमित बिलवान रहे. कार्यकारिणी में रवि सुनहरे, महेश हाड़े, जितेन्द्र डाबोरिया, किशन खत्री, रेखा तंबोली, रूपाली झांझोट, बिन्दु वैध, नितेश शिन्दे, वर्षा बिलरवान, पूजा झांझरिया, भावना राठौर, निर्मला लोट, अनिल बिलरवान, आदित्य प्याल, यश तंबोली, ऋषभ बालोदरा, वरुण सौदे, विपिन नरवले, रिपेश, विक्की करोसिया, तरुण कल्याणे, तरुणजी पथरोड़, गौतम जी पथरोड़, संतोष डांगरे.

### भुजरिया पर्व हर्षो उल्लास से मनाया जायेगा

इंदौर. 10 अगस्त को शहर के वाल्मीक पंचायत एवं अखिल भारतीय वाल्मीक समाज विकास परिषद् म.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में 80वां ऐतिहासिक भुजरिया पर्व हर्षो उल्लास धूमधाम के साथ मनाया जायेगा. गोगादेव प्रकटोत्सव समिति के अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह लोट व सचिव माला प्याल ने बताया कि नगर की समस्त वाल्मीकि बस्तियों से गोगादेव जी के झंडे निशान सज धज कर ढोल ढमाको के साथ निकलकर राजवाड़ा जनता चौक पर एकत्रित होंगे. परिषद् एवं पंचायत की और से गोगादेव प्रकटोत्सव समिति के अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह लोट व सचिव माला प्याल, एवं सदस्य रवि सुनहरे, किशन खत्री, महेश हाडे, निर्मला लोट, भावना राठौर, वर्षा बिलरवान, अमित बिलवान, मयूर झांझरिया, बिंदु वेद, पूजा झांझरिया, वरुण सौदे, विक्की करोसिया, तरुण कल्याने, गौतम फतरोड, ऋषभ बालोदरा, रोहित राठौर, आदित्य प्याल एवं अन्य गणमान्य सदस्यों के द्वारा गोगादेव जी के समस्त झंडे निशान, उस्तादों एवं खलीफाओं का पुष्प मालाओ से सम्मान किया जायेगा. इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार झंडे निशान को (रव्वालीचाल) से झूलाने वाले कलाकार को दिया जायेगा, द्वितीय पुरस्कार फूलों की साज सज्जा की सजावट का पर्यावरण पुरस्कार स्वरुप शील्ड भेंट की जाएगी.

### नि:शुल्क शिविर का आयोजन 13 को

इंदौर. श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी पर्व एवं 350 वीं शताब्दी समारोह को समर्पित गुरु तेग बहादुर चेरिटेबल हॉस्पिटल, एवं लायंस क्लब इन्दौर, डायनामिक के संयुक्त तत्वावधान में 13 अगस्त को प्रात: 10 बजे से नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन गुरु तेग बहादुर चेरिटेबल हॉस्पिटल, नन्दा नगर पर किया जा रहा हैं. श्रमिक बस्ती नन्दा नगर पर स्थित गुरु तेग बहादुर चेरिटेबल हॉस्पिटल के सचिव डॉ. एस. एस. उबेजा ने बताया कि 8 लाख की लागत से आई आधुनिक मशीन द्वारा परिक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा. इसके साथ ही कांटेक्ट लेन्स की सुविधा भी उपलब्ध हो जाएगी.

### वृद्धाश्रमों बुजुर्गों को नि:शुल्क परामर्श व प्राथमिक इलाज




इंदौर. नेशनल बोन एंड जॉइंट वीक 2025 के अवसर पर इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन, इंदौर चैप्टर के एक व्यापक और जनहितकारी अभियान के तहत एसोसिएशन की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने दो प्रमुख वृद्धाश्रमों, नरोश्रित सेवा आश्रम और मानवता का आश्रय का दौरा किया. वहाँ रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी हड्डियों और जोड़ों से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं की गहन जांच की गई. डॉक्टरों ने बुजुर्गों को नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक प्राथमिक उपचार और भविष्य की चिकित्सा की दिशा में मार्गदर्शन दिया. इस अभियान के दौरान 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की स्क्रीनिंग की गई. एसोसिएशन उपाध्यक्ष डॉ अक्षय जैन और सचिव डॉ अर्जुन जैन के साथ टीम ने प्रत्येक केस को व्यक्तिगत रूप से समझते हुए बुजुर्गों को आवश्यक व्यायाम, पोषण एवं जीवनशैली संबंधी सलाह भी दी, ताकि उनका जीवन अधिक स्वतंत्र और दर्दमुक्त बन सके। इस अभियान का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू रहा आमजनों के लिए आयोजित नि:शुल्क बीएमडी टेस्टिंग कैंप. हड्डियों की ताकत और कैल्शियम घनत्व की जांच के लिए ये शिविर इंदौर के विभिन्न प्रमुख चिकित्सा केंद्रों पर लगाए गए. इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और हड्डी रोग के जोखिम में रहने वाले लोगों ने भाग लिया. इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन, इंदौर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. हेमंत मंडोवरा ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल बीमारियों की पहचान करना नहीं, बल्कि समय रहते लोगों को जागरूक करना है, ताकि वे अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर बेहतर जीवन जी सकें.



# अनुमोदनार्थ आराधना महोत्सव का शुभारंभ

इंदौर. अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में बुधवार से तीन दिवसीय महामृत्युंजय तप आराधना अनुमोदनार्थ महोत्सव का शुभारंभ हुआ. जैनाचार्य विश्वरत्न सागर की निश्रा में इस अवसर पर मुनिराज सिद्धरत्न सागर के 30 उपवास की तपस्या एवं बाल मुनि देवर्धिरत्न सागर, साध्वी उर्विताश्रीजी एवं साध्वी प्रभुताश्रीजी की तपस्या की अनुमोदना हेतु गुरुवार को विभिन्न आयोजन होंगे.

आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया मनीष सुराना ने बताया कि बुधवार को दोपहर में पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ. इसका लाभ कनकलता-दलपतसिंह मेहता जीवदया ट्रस्ट परिवार ने लिया. आड तप गुणानुवाद सभा में तपस्वी मुनिराज सिद्धरत्न सागर के वस्त्रों पर स्वस्तिक आरोहण का विधान तथा दोपहर 12.39 बजे शक्रस्त्व महाभिषेक होगा, जिसके लाभार्थी किरण भाई शाह परिवार मुंबई होंगे. दोपहर में ही सांझी मेहंदी का आयोजन होगा. आज के मुख्य अतिथि जीरावला व अमझेरा तीर्थ के ट्रस्टी प्रकाश संघवी सिरोड़ीवाले एवं अन्य ट्रस्टियों का बहुमान समिति की ओर से मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, शेखर गेलड़ा एवं दीपक सुराना ने किया.

# सांवरिया के जयकारों से गूंज उठा पश्चिमी क्षेत्र



**इन्दौर.** श्री सांवरिया मित्र मण्डल पदयात्री संघ एवं श्री गोपाल सांवरिया गौ सेवा समिति 11 दिवसीय हरिदर्शन शोभायात्रा एवं पदयात्रा महोत्सव की शुरूआत बड़ागणपति मंदिर पर विद्वान पंड़ितों के सान्निध्य में महाआरती के साथ हुई। महाआरती के पश्चात सांवरिया के भक्तों ने लड्डू गोपाल एवं सांवरिया सेठ की शोभायात्रा निकाली, जिसमें हजारों मातृशक्तियों के साथ बड़ी संख्या में राजस्थान सहित अन्य शहरों के भक्त शामिल हुए.

11 दिवसीय इन्दौर से सांवरिया की इस शोभायात्रा का यह 16 वां वर्ष है. श्री सांवरिया मित्र मण्डल पदयात्री संघ एवं शोभायात्रा आयोजक धनराज कुमावत एवं पं. कमलेश शर्मा ने बताया कि प्रभातफेरी व पदयात्रा में 24 प्रभातफेरी के आयोजक भी शामिल हुए. शोभायात्रा में बैंड-बाजे, घोड़े-बग्घी, ढ़ोल-ताशों के साथ ही भगवान की वेशभूषा में राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, गणेश, हनुमान यात्रा में नृत्य की प्रस्तुति देते हुए चल रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ 5 भगवान की झांकियां भी मार्ग में राहगिरों का ध्यानाकर्षण कर रही थी. शोभायात्रा बड़ा गणपति मंदिर से प्रारंभ होकर जिंसी, ईमली बाजार, सदर बाजार होते हुए मरीमाता मंदिर पहुंची जहां इस यात्रा का समापन हुआ. . शोभायात्रा के दौरान रोशन कुमावत, शंकर खुंखवाल, राधेश्याम मंडोवरा, मोहिता गुप्ता, गौरव कुंभकार, रत्नेश कुमावत , नारायण चोरमा, चेतन सांखला, रितेश कुमावत, सोम गुर्जर सहित हजारों की संख्या में सांवरिया के भक्त मौजूद थे. मरीमाता मंदिर से शुरू हुई पदयात्रा- बड़ागणपति से मरीमाता तक शोभायात्रा के पश्चात 11 दिवसीय श्री हरिदर्शन पदयात्रा की शुरूआत हुई. इन्दौर से सांवरियाजी की 360 किलोमीटर की इस पदयात्रा में 121 भक्त रवाना हुएं. सभी पदयात्री एक दिन में 35 से 40 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे. इन्दौर से सांवरियाजी की पदयात्रा में पदयात्रियों का पहला पड़ाव सांवेर रहेगा.

### 15 को पहुंचेंगे सांवरिया सेठ के दरबार

11 दिवसीय श्री हरिदर्शन शोभायात्रा एवं पदयात्रा में सभी 121 भक्त 15 अगस्त शाम को सांवरियाजी के दरबार पहुंचेंगे. 16 अगस्त को फ़रियाली वितरण व विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा. 17 अगस्त को प्रात: 5.15 बजे सांवरियाजी को छप्पन भोग लगाया जाएगा 7


# नगर पालिक निगम, इन्दौर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय)**
**संधारण खंड क्रमांक-2, नर्मदा परियोजना मूसाखेड़ी, इन्दौर**
**E-mail: ee2_narmada@rediffmail.com, Ph.: 0731-2712846**

**निविदा सूचना क्रमांक:** 28/ 2025-26/नर्मदा.परि/न.पा.नि.

**ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

इन्दौर, दिनांक: 30.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD |
|---|---|---|---|---|
| 01 द्वितीय आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-14 वार्ड क्रमांक-82 हवाबंगला टंकी क्षेत्र अंतर्गत 300, 600 एम.एम. व्यास का नवीन डी.आई. वॉल्व स्थापित करने एवं चेम्बर निर्माण का कार्य के साथ अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 02 माह 2) ₹8,53,145/- | 1) ₹17,063/- 2) ₹2,000/- |
| 02 चतुर्थ आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-12 वार्ड क्रमांक-65 अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पूर्व से खनित शासकीय नलकूपों पर ब्रिक मेसनरी चैम्बर सुधार एवं निर्माण मय ढक्कन स्थापित करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 02 माह 2) ₹4,24,066/- | 1) ₹8,481/- 2) ₹2,000/- |
| 03 द्वितीय आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-12 वार्ड क्रमांक-59 अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पूर्व से खनित शासकीय नलकूपों पर ब्रिक मेसनरी चैम्बर सुधार एवं निर्माण मय ढक्कन स्थापित करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹11,72,132/- | 1) ₹23,443/- 2) ₹2,000/- |
| 04 द्वितीय आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-12 वार्ड क्रमांक-61 अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पूर्व से खनित शासकीय नलकूपों पर ब्रिक मेसनरी चैम्बर सुधार एवं निर्माण मय ढक्कन स्थापित करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 01 माह 2) ₹10,03,596/- | 1) ₹20,072/- 2) ₹2,000/- |
| 05 तृतीय आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-14 वार्ड क्रमांक-82 मे हवाबंगला टंकी केम्पस मे पंपिंग हाउस मे change over switch ऑटोमेटिक लगाने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹1,01,964/- | 1) ₹2,039/- 2) ₹1,000/- |
| 06 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-09 वार्ड क्रमांक-44 क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर 63 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं बोरिंग संधारण कार्य हेतु जी.आई. सामग्री प्रदाय कर लगाने के कार्य के साथ अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹ 5,86,060/- | 1) ₹11,721/- 2) ₹2,000/- |
| 07 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-19 वार्ड क्रमांक-38 क्षेत्र अंतर्गत स्टार चौराहा कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर 160 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹9,43,941/- | 1) ₹18,877/- 2) ₹2,000/- |
| 08 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-06 वार्ड क्रमांक-22 क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर 63 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹5,68,939/- | 1) ₹11,379/- 2) ₹2,000/- |
| 09 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-07 वार्ड क्रमांक-29 क्षेत्र अंतर्गत विजय नगर खण्डकर उद्यान के पास व विजय नगर गली नं. 1,3,4,5 व सेक्टर डी.के. 2, प्रेस्टिज कॉलेज के पीछे व विभिन्न स्थानों पर 63 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं बोरिंग संधारण कार्य हेतु जी.आई. सामग्री प्रदाय कर लगाने के कार्य के साथ अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹ 4,40,117/- | 1) ₹8,802/- 2) ₹2,000/- |
| 10 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-10 वार्ड क्रमांक-42 क्षेत्र अंतर्गत विनोबा नगर सांई मंदिर के पास एवं सांईकृपा होस्टल के पास पांचाल वाली गली में 63 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं बोरिंग संधारण कार्य हेतु जी.आई. सामग्री प्रदाय कर लगाने के कार्य के साथ अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) 8,83,446/- | 1) ₹17,669/- 2) ₹2,000/- |
| 11 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-20 वार्ड क्रमांक-05 क्षेत्र अंतर्गत नलकूप के नवीन चेम्बर निर्माण एवं पूर्व से क्षतिग्रस्त चेम्बर को मरम्मत एवं नवीन एच.डी.पी.ई. टंकी मय फिटिंग के साथ अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹ 9,35,440/- | 1) ₹18,709/- 2) ₹2,000/- |
| 12 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-19 क्षेत्र अंतर्गत सांई सुमन नगर हेतु नाला क्रास कर 250 एम.एम. व्यास की एम.एस. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹4,43,587/- | 1) ₹8,872/- 2) ₹2,000/- |
| 13 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-06 वार्ड क्रमांक-25 क्षेत्र अंतर्गत नंदानगर रोड नं. 07 पर स्थित अयोध्या देवी विजयवर्गीय (जच्चा खाना) इन्दौर को 2 इंच बल्क कनेक्शन प्रदाय करने एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹2,66,284/- | 1) ₹5,326/- 2) ₹2,000/- |
| 14 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-09 वार्ड क्रमांक-26 क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर मकान नं. 980/9 से 997/9 तक एवं मकान नं. 109/9 से रोड नं. 06 प्रिंस एकेडमी तक मकान नं. 869/6 से 885/6 तक नेहरू नगर मकान नं. 871/5 आदर्श व्यायामशाला से मकान नं. 881/5 तक एवं विभिन्न स्थानों पर 110 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹8,32,924/- | 1) ₹16,658/- 2) ₹2,000/- |
| 15 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-17 वार्ड क्रमांक-21 क्षेत्र अंतर्गत काशीपुरी कॉलोनी एवं विभिन्न स्थानों पर 50, 63 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹ 2,87,698/- | 1) ₹5,754/- 2) ₹2,000/- |
| 16 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | यशवंत सागर परियोजना अंतर्गत देवधरम फिल्टर प्लांट से जलप्रदाय हेतु सिंहासा आई.टी. पॉर्क तक 150 एम.एम. व्यास की डी.आई. पाईप लाइन के वार्षिक रख-रखाव का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 12 माह 2) ₹10,00,000/- | 1) ₹20,000/- 2) ₹2,000/- |
| 17 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | यशवंत सागर परियोजना अंतर्गत देवधरम फिल्टर प्लांट हेतु आवश्यक Liquid PAC पोली एल्युमिनियम क्लोराईड संग्रहण हेतु एच.डी.पी.ई. टंकी मय फिटिंग एवं रैपिड सैंड फिल्टर की सफाई हेतु नवीन पाईप लाइन से बदलकर फिटिंग करने एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹3,80,701/- | 1) ₹7,614/- 2) ₹2,000/- |
| 18 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | यशवंत सागर परियोजना अंतर्गत फुलकराडिया पंप हाउस पर क्षतिग्रस्त 200 एम.एम. व्यास के नॉन रिटर्न वाल्व के स्थान पर नवीन वॉल्व लगाने एवं संधारण कार्य के साथ अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹4,52,536/- | 1) ₹9,051/- 2) ₹2,000/- |
| 19 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | यशवंत सागर रेशम केन्द्र मे जलप्रदाय व्यवस्था हेतु रेशम केन्द्र एवं गौशाला मे नवीन रेन गन मय स्थापित करने के साथ अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹4,52,471/- | 1) ₹9,049/- 2) ₹2,000/- |
| 20 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | यशवंत सागर परियोजना अंतर्गत धार रोड सिंहासा आई.टी. पॉर्क मे 150 एम.एम. व्यास के नवीन वॉटर मीटर एवं पाईप लाइन पर एयर वॉल्व स्थापित करने एवं चेंबर निर्माण के कार्य के साथ अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹2,04,911/- | 1) ₹4,098/- 2) ₹2,000/- |
| 21 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | नर्मदा परियोजना अंतर्गत स्थित प्रयोगशाला मे जल परीक्षण हेतु उपकरण एवं पिपेटींग डिवाईस क्रय करने का कार्य। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 01 माह 2) ₹3,51,000/- | 1) ₹7,020/- 2) ₹2,000/- |
| 22 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-02 वार्ड क्रमांक-67 क्षेत्र अंतर्गत बाल्दा कॉलोनी, डोंगरीला बस्ती, माता महारानी (कंजर मोहल्ला), बियाबानी के सामने, जयरामपुर कॉलोनी एवं विभिन्न स्थानों पर 63 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं बोरिंग संधारण कार्य हेतु जी.आई. सामग्री प्रदाय कर लगाने के कार्य के साथ अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹8,36,297/- | 1) ₹16,726/- 2) ₹2,000/- |
| 23 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-12 वार्ड क्रमांक-66 क्षेत्र अंतर्गत माणिकबाग, पलसीकर कॉलोनी, लालबाग लाइन, भाट मोहल्ला, गुरूनानक कॉलोनी, राजाबाग कॉलोनी, त्रिवेणी कॉलोनी एवं विभिन्न स्थानों पर 15,25,50 एम.एम. व्यास की जी.आई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग के साथ अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹ 5,23,456/- | 1) ₹10,469/- 2) ₹2,000/- |
| 24 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-07 वार्ड क्रमांक-32 क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर बोरिंग के रख रखाव हेतु वॉल्व, निप्पल, टी, सॉकेट, युनियन एवं स्पेशल्स सामग्री प्रदाय कर स्थापित करने के साथ अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹5,68,397/- | 1) ₹11,368/- 2) ₹2,000/- |
| 25 प्रथम आमंत्रण | 2025_UAD_441130_1 | जोन क्रमांक-10 वार्ड क्रमांक-40 क्षेत्र अंतर्गत देवकी नगर रहाणे जी वाली गली, महादेव नगर काजल जी वाली गली में 63 एम.एम. व्यास की एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं बोरिंग संधारण कार्य हेतु जी.आई. सामग्री प्रदाय कर लगाने के कार्य के साथ अन्य समस्त कार्यो के साथ पूर्ण करना। (सम्पूर्ण सामग्री शेड्युल अनुसार) | 1) 03 माह 2) ₹4,23,011/- | 1) ₹8,460/- 2) ₹2,000/- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र ऑनलाइन जमा करने की अंतिम दिनांक | : | 18.08.2025, 17:30 बजे तक |
| 2. | निविदा ऑनलाइन खोलने की दिनांक (ENVELOPE A/B) | : | 20.08.2025 |

**नोट:** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (जलप्रदाय) नगर पालिक निगम, इन्दौर**